# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2018 – 2019)

2419

**Class: V** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 2.5Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) निर्धारित समय–सीमा 2.30 +15 घंटे हैं।

**(खण्ड 'क')**

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X3=6)**

दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई आदि महानगर हैं। इन शहरों में लाखों, करोड़ों लोग रहते हैं। शहर में रहने वाले लोगों की कई आवश्यकताएँ होती हैं; जैसे– घर, बिजली, पानी आदि। आने–जाने के लिए बस–रेल आदि की सुविधाएँ चाहिए। नगर–निगम ये सभी सुविधाएँ देने का प्रयास करता है; परंतु बढ़ती हुई आबादी शहरों की सबसे बड़ी समस्या है। इसके कारण नगरों में बिजली, पानी आदि की कमीं हो जाती है। प्रतिदिन हज़ारों लोग नौकरी की तलाश में इन महानगरों में आते हैं।

क) शहरों में रहने वाले लोगों की क्या–क्या आवश्यकताएँ होती हैं ?

ख) शहरों की सबसे बड़ी समस्या क्या है ?

ग) शहरों में प्रतिदिन हज़ारों लोग क्यों आते हैं ?

**प्र0 2 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1X5=5)**

सबसे सुंदर देश हमारा
हमको यह प्राणों से प्यारा
हमने मिलकर रूप सँवारा
इसे बनाया जग से न्यारा।

उत्तर में जो खड़ा हिमालय
वह प्रतिपल रक्षा करता है।
बादल जब टकराते इससे
तब जल बरसा करता है
दक्षिण में लहराता सागर
भारत माँ के चरण पखारे।

क) हमें हमारा देश किससे अधिक प्यारा है ?

ख) किसने इसका रूप सँवारा है ?

ग) हिमालय भारत के किस दिशा में है ?

घ) बादल किससे टकराते हैं तो जल बरसता है ?

ङ) भारत माँ के चरण कौन पखारता है ?

**(खण्ड 'ख')**

**प्र0 3 नीचे लिखे वाक्यों में सही अथवा गलत बताइए–** **(1X5=5)**

क) भारत देश की राजभाषा अंग्रेज़ी है।

ख) ह्रस्व स्वरों की संख्या चार होती हैं।

ग) विद्यालय बनावट के आधार पर यौगिक शब्द है।

घ) 'निद्रा' का तद्भव शब्द 'सोना' है।

ङ) 'थकावट' व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है।

**प्र0 4 नीचे दिए गए शब्दों को रिक्त स्थान में भरिए–** **(1X5=5)**

क) प्रतिवर्ष हिंदी दिवस ----- को मनाया जाता है।

ख) वर्णों के सार्थक मेल से ---------- बनते है।

ग) ----- मेहनत करेगा ---- सफल होगा। (उचित संबंधवाचक सर्वनाम द्वारा रिक्त स्थान भरिए)

घ) आकाश में ------- तारे टिमटिमाते हैं। (संख्यावाचक विशेषण के द्वारा रिक्त स्थान भरिए)

ङ) कहानी सुनकर सबको ---- आ गई। ('हँसना' के भाववाचक संज्ञा के द्वारा रिक्त स्थान भरिए)

**प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1X5=5)**

क) 'सेठ' और 'लेखक' का स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

ख) 'कवि' तथा 'मिठाई' का बहुवचन रूप लिखिए।

ग) अधिकरण कारक का विभक्ति चिह्न लिखिए।

घ) सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

ङ) निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग कर एक उदाहरण लिखिए ?

**(खण्ड 'ग')**

**प्र0 6 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखिए–** **(1X5=5)**

तालाब के किनारे बच्चे खेल रहे थे। अचानक एक चार साल का बच्चा पानी में गिर गया। वहीं वृक्ष पर बैठी एक लड़की बेबी शांता; फल खा रही थी। बेबी को बालक पर दया आई। उसने बच्चे को बचाने का निश्चय किया। बेबी थोड़ा–थोड़ा तैरना जानती थी। वह तालाब में कूद पड़ी। अनेक प्रयास के बाद वह बच्चे को बचाने में सफल हो गई। उसने बच्चे के पेट से पानी निकाल कर उसे अस्पताल पहुँचाया। समय पर उपचार मिल जाने के कारण बच्चे की जान बच गई। बेबी शांता की साहस भरी

कहानी सुनकर भारत सरकार ने उसे 1970 का वीर बालक पुरस्कार देने की घोषणा की। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निवास स्थान उसे पुरस्कार प्रदान किया गया।

क) बेबी को कौन–सा पुरस्कार दिया गया ?

ख) बेबी को किसने पुरस्कार दिया ?

ग) बेबी शांता को पुरस्कार क्यों दिया गया ?

घ) बेबी शांता ने बच्चे की जान कैसे बचाई ?

ङ) बेबी शांता के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है ?

**प्र0 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X7=14)**

क) किसान से गन्ने का रस किसने और क्यों माँगा ?

ख) गांधी जी के पिताजी क्या कार्य करते थे ?

ग) सुलेख के विषय में गांधी जी के क्या विचार थे ?

घ) सूबेदार ने मुल्ला को कौन–सा काम सौंपा ?

ङ) आइसक्रीम को देखकर पापा ने क्या सोचा ?

च) शंटिंग किसे कहते हैं ?

छ) कजाकी कैसा व्यक्ति था ?

**प्र0 8 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1X5=5)**

सूरज बोला– "प्यारे पौधे
निद्रा दूर भगाओ।
अलसाई आँखें खोलो तुम
उठकर बाहर आओ।"
नींद छोड़ आलस्य त्यागकर
पौधा बाहर आया
बाहर का संसार बड़ा ही
अद्भुत उसने पाया।

क) इस कविता के पाठ का नाम लिखिए।

ख) पौधे को सूरज ने क्या कहा ?

ग) पौधा क्या त्याग कर बाहर आया ?

घ) पौधे को बाहर की दुनिया कैसी लगी ?

ङ) 'संसार' का शब्दार्थ लिखिए।

**प्र0 9 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X6=12)**

क) चिड़िया सुबह उठकर क्या करती है ?

ख) 'तब याद तुम्हारी आती है' कविता से हमें क्या सीख मिलती है ?

ग) 'मेरी अभिलाषा' पाठ के अनुसार कवि किसके जैसे महकना चाहता है ?

घ) तारों को देखकर कवि की क्या इच्छा होती है ?

ङ) 'मेरी अभिलाषा' कविता के अनुसार कोयल क्या करती है ?

च) कवि प्रकृति की किन–किन विशेषताओं को ग्रहण करना चाहता है ?

**प्र0 10 मिलान कीजिए–** **(1X4=4)**

| | | |
|---|---|---|
| क) | विचार | यकीन |
| ख) | विश्वास | इरादा |
| ग) | जमघट | मग्न |
| घ) | लीन | आदमियों की भीड़ |

**प्र0 11 किसने, किससे कहा ?** **(1X4=4)**

क) कितने गन्नों का रस है यह ?

ख) कल आगरा आना और पक्के कागज़ लिखवा लेना।

ग) अब लाया है थैला। अब क्या करूँ इसका ?

घ) भला दो हाथों के होते भी कोई भूखा मर सकता है ?

**(खण्ड 'घ')**

**प्र0 12 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए–** **(5)**

बड़े भाई के विवाह में आमंत्रित करते हुए मित्र को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए।

**प्र0 13 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए–** **(5)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | प्रातःकालीन सैर | ख | स्वतंत्रता दिवस |
| ग | मेरा प्रिय मित्र | घ | मेरा विद्यालय |

———00———